दिन–सोमवार दिनांक– 09 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को मंकीपॉक्स के संदिग्ध मामलों की जांच और परीक्षण करने को कहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को परामर्श जारी किया है। परामर्श में मंकीपॉक्स को लेकर जागरूकता बढाने तथा लोगों में फैले डर को रोकने के लिए निवारक उपाय अपनाने पर बल दिया गया है। मंत्रालय ने वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राज्य और जिला स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा, विशेषकर जन स्वास्थ्य से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करने का परामर्श भी दिया है। राज्यों को संदिग्ध और पुष्ट दोनों मामलों की देखरेख के लिए अस्पतालों में पृथकवास सुविधाओं तथा आवश्यक लॉजिक्स्टिक्स और प्रशिक्षित मानव संसाधनों की उपलब्धता की पहचान करने को भी कहा गया है। स्वास्थ्यकर्मियों विशेषकर चर्म, यौन संचरित बीमारियों के क्लीनिक तथा राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के क्लीनिक को स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा गया है। श्री चंद्र ने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति की निगरानी करना जारी रखेगा और राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा।

————————————————————

वस्तु और सेवाकर परिषद की चौवनवीं बैठक नई दिल्ली में हो रही है। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन इस बैठक की अध्यक्षता कर रही हैं। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और राज्यों के वित्त मंत्री उपस्थित हैं। पिछली जी एस टी परिषद की बैठक इस वर्ष जून महीने में हुई थी। उस बैठक में परिषद ने सभी इस्पात, लोहे और एल्युमिनियम के दूध कैन पर बारह प्रतिशत जीएसटी की एक समान दर की अनुशंसा की थी। परिषद ने यह भी अनुशंसा की थी कि प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री, विश्रामगृह और प्रतीक्षालय कक्ष की सुविधा तथा बैटरी संचालित कार सेवा सहित आम लोगों को भारतीय रेल में दी जाने वाली सेवा पर किसी प्रकार का वस्तु और सेवाकर लागू नहीं होगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पांच सौ चौंतीस मोबाईल पशु चिकित्सा इकाईयों और कॉल सेंटर का लोकार्पण तथा शुभारंभ किया। पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास में आयोजित समारोह में केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशु पालन और डेयरी विकास मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और राज्य की पशु तथा मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी मौजूद थीं।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता में कमी आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल में सबसे अधिक बयालीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं, दरभंगा के हायाघाट में पैंतीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में छिटपुट बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की आशंका जताई गई है।

———————————————————————

इधर, अररिया जिले के रानीगंज प्रखंड क्षेत्र के बहियार गांव में बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में एक ही परिवार के तीन लागों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए।

———————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान विभिन्न जिलों पचपन नये मामले सामने आए हैं। सबसे अधिक सत्ताईस मरीज पटना से मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार एक सौ तेईस मामले सामने आ चुके हैं।

———————————————————————

पटना सिटी के मंगल तालाब के पास अपराधियों ने लूटपाट की घटना का विरोध करने पर भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा की गोली मार कर हत्या कर दी। घटना से आक्रोशित लोगों ने पटना सिटी–गांधी मैदान रोड को जामकर प्रदर्शन किया।

———————————————————————

अररिया जिले की एक अदालत ने आर्म्स एक्ट के एक मामले में दोषी मोहम्मद राहिद को दो साल कारावास और पांच हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————

समाप्त